(ख) सरकार का विचार वित्तीय वर्ष 1971-72 में मध्य रेलवे के कितने स्टेशनों के प्लेटफार्मों पर शेडों का निर्माण करने का है ?

रेल मन्त्री (श्री हनुमंतैया) : (क) 433 स्टेशन ।

(ख) 9 स्टेशनों के प्लेटफार्मों पर छत की व्यवस्था करने का काम पहले से जारी है और 1971-72 के बजट में 6 और स्टेशनों के प्लेटफार्मों पर छत की व्यवस्था के प्रस्तावों को स्वीकृति दी गयी है ।

**मथुरा और ग्वालियर में सहायक स्टेशन (केबिन) को वर्दियों का सप्लाई मास्टरों कियान जाना**

1559. **श्री जगन्नाथ राव जोशी :**
**श्री हुकम चन्द कछवाय :**

क्या रेल मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मथुरा ग्वालियर जंक्शनों पर सहायक स्टेशन मास्टरों (केबिन) को वर्दियां सप्लाई नहीं की जाती हैं ;

(ख) क्या आगरा छावनी के सहायक स्टेशन मास्टर (केबिन) को बर्दी सप्लाई की जाती है ; और

(ग) मथुरा और ग्वालीयर जंक्शन पर भी सहायक स्टेशन मास्टरों (केबिन) को वर्दियां सप्लाई करने के बारे में सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

**रेल मंत्री (श्री हनुभंतैया)** : (क) जी हां ।

(ख) जी नहीं ।

(ग) मध्य रेलवे पर वर्तमान आदेशों के अन्तर्गत, केबिन सहायक स्टेशन मास्टरों की कोटि ऐसी हैं जो वर्दी की हकदार नहीं है । तदनुसार, उन्हें वर्दी नहीं दी जा सकती ।

*अनन्तिम

**भारतीय रेलवे द्वारा ढोये गये माल की मात्रा**

1560. **श्री जगन्नाथ राव जोशी :**
**श्री हुकम चंद कछवाय :**
**श्रीमती भार्गवी तनकप्पन :**

क्या रेल मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय रेलवे ने वित्त वर्ष 1968-69, 1969-70 और 1970-71 में कितनी मात्रा में माल ढोया ;

(ख) इससे सरकार को कितनी आय हुई ;

(ग) क्या वर्ष 1970 के दौरान माल यातायात में कमी हुई है ; और

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

**रेल मंत्री (श्री हनुमंतैया)** : (क) ढोये गये माल की मात्रा का ब्यौरा नीचे दिया गया है :-

| वर्ष | प्रारम्भिक मीटरिनटन (दस लाख में) | | |
|---|---|---|---|
| | राजस्व उपार्जक यातायात | अनुपार्जक यातायात | राजस्व उपार्जक यायायात और अनुपार्जक यातायात का जोड़ |
| 1968-69 | 170.8 | 33.2 | 204.0 |
| 1969-70 | 173.8 | 34.1 | 207.9 |
| 1970-71* | 168.6 | 30.4 | 199.0 |

(ख) राजस्व उपार्जक माल यातायात से हुई आमदनी नीचे बताई गयी है :—

| वर्ष | ढोये गये माल से हुई आमदनी (करोड़ रुपये में) |
|---|---|
| 1968-69 | 548.97 |
| 1969-70 | 578.13 |
| 1970-71* | 599.00 |

(ग) जी हाँ ।

(घ) लदान में गिरावट आने के मुख्य कारण इस प्रकार हैं :- कानून और व्यवस्था

की बिगड़ी हुई स्थिति और बदमाशों की ऐसी हरकतें जैसे मालडिब्बों की फिटिंगों, ऊपरी कर्षण तारों, अन्य संचारकेबुलों, रेल पथ के सामानों की बड़े पैमाने पर चोरी तथा यात्रियों और रेल कर्मचारियों को परेशान किये जाने, यात्रियों और मालगाड़ियों पर हमले, मालडिब्बों और रेल सम्पत्ति के लूटे जाने और जनता द्वारा बंद, हड़ताल करने तथा गाड़ियों के रोके जाने के कारण पूर्वी क्षेत्र में गाड़ियों की सेवाओं का गम्भीर रूप से अस्त-व्यस्त हो जाना। इससे न केवल पूर्व क्षेत्र में गाड़ियों के परिचालन पर बुरा प्रभाव पड़ा बल्कि पूर्व और दक्षिण-पूर्व रेलों पर भारी संख्या में मालडिब्बे रुके पड़े रहे जिसके परिणामस्वरूप अन्य क्षेत्रीय रेलों पर भी मालडिब्बों की कमी पड़ गई। पूर्वी क्षेत्र की स्थिति ऐसी हो गई थी कि अन्य क्षेत्रों से इन क्षेत्रों के लिए लदान में भारी कमी करनी पड़ी जिसकी वजह से अन्य रेलों पर भी लदान पर प्रभाव पड़ा।

**Conversion of Nadiad-Bhadran Narrow-Gauge Line into Broad-Gauge Line**

1561. SHRI D. D. DESAI : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) the progress made in surveying and converting the present Nadiad-Bhadran narrow-gauge line into a broad-gauge line from Bhaili to Modasa *via* Bhadran-Sujitra-Nadiad-Kapadwanj ; and

(b) the steps taken to expedite conversion of this line ?

THE NINISTER OF RAILWAYS (SHRI HANUMANTHAIYA) : (a) No such survey is in progress.

(b) There is no proposal for conversion of this line at present.

**Setting up of "Task Forces" for removal of obstacles in iplementation of Investment Programmes in Industry**

1562. SHRI D. D. DESAI : Will the Minister of INDUSTRIAL DEVELOPMENT be pleased to state the measures adopted by Government to set up "task forces" to remove the obstacles that come in the way of the speedy implementation of investment programmes in the public and private sectors of our industry ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT (SHRI SIDDHESHWAR PRASAD): With a view to remove the obstacles that come in the way of speedy implementation of investment programmes in the public and private sectors, the entire gamut of the administrative practices and procedures in this Ministry are being examined, in order to expedite decision making, broaden delegation and for streamlining financial and other procedures. A cell has also been created in the Ministry, which would be responsible for constant supervision over the functioning of Public Sector Undertakings.

**हड़ताल की समाप्ति के बाद पूर्वोत्तर रेलवे मजदूर सभा द्वारा दिया गया ज्ञापन**

1563. **श्री रामावतार शास्त्री** : क्या रेल मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पूर्वोत्तर रेलवे मजदूर सभा ने बरौनी गर-हरा क्षेत्र के रेलवे कर्मचारियों द्वारा की गई 33 दिन लम्बी हड़ताल की समाप्ति के पश्चात् उन्हें कोई ज्ञापन दिया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**रेल मन्त्री (श्री हनुमन्तैया)** : (क) जी नहीं।

(ख) सवाल नहीं उठता।

**Membership of Registered Trade Unions functioning on Railways**

1564. SHRI RAMAVATAR SHASTRI : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) the number of Trade Unions func-